**कार्यालय प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी), हरियाणा**
**लेखा भवन, प्लॉट संख्या 4 एवं 5, सेक्टर-33 बी, चण्डीगढ़**
**हेल्पलाइन संख्या : 0172-3503960 ई-मेल : agaeharyana@cag.gov.in**

# प्रेस विज्ञप्ति

**ध्यानार्थ :- हरियाणा सरकार के कर्मचारियों एवं हरियाणा कैडर के अखिल भारतीय सेवा (AIS) अधिकारियों की वर्ष 2025-26 हेतु सामान्य भविष्य निधि (GPF) की वार्षिक विवरणी ।**

हरियाणा सरकार के कर्मचारियों एवं हरियाणा कैडर के अखिल भारतीय सेवा (AIS) अधिकारियों की **वर्ष 2025-26** की **सामान्य भविष्य निधि (GPF)** की वार्षिक विवरणी कार्यालय की वेबसाइट **https://cag.gov.in/ae/haryana/en** पर अपलोड कर दी गई हैं। हरियाणा राज्य सरकार के जी.पी.एफ. अभिदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे उक्त वेबसाइट पर अपनी **सीरीज़ कोड, जी.पी.एफ. खाता संख्या तथा कर्मचारी पिन/पासवर्ड** दर्ज करके वर्ष **2025-26** का अपना वार्षिक जी.पी.एफ. विवरण डाउनलोड कर सकते हैं।

वर्ष **2025-26** की वार्षिक जी.पी.एफ. विवरणी **डिजीलॉकर (DigiLocker)** पर भी उपलब्ध करा दी गई हैं। अभिदाता **https://www.digilocker.gov.in** के माध्यम से भी अपना वार्षिक जी.पी.एफ. विवरण देख एवं डाउनलोड कर सकते हैं। इसके लिए अभिदाता को सर्वप्रथम अपने डिजीलॉकर खाते में लॉग-इन करना होगा। लॉग-इन करने के उपरांत **"Search Documents"** टैब पर जाकर खोज बॉक्स(Search Bar) में **"Principal Accountant General (A&E), Haryana"** टाइप करें। इसके पश्चात् उपलब्ध दस्तावेजों में से **"GPF Statement"** विकल्प का चयन करें तथा आवश्यक विवरण, अर्थात् **जी.पी.एफ. संख्या एवं सीरीज़ कोड**, दर्ज करें। संबंधित **वित्तीय वर्ष** का चयन करने के उपरांत अभिदाता अपना वार्षिक जी.पी.एफ. विवरण देख एवं डाउनलोड कर सकते हैं।

यह भी सूचित किया जाता है कि **वित्तीय वर्ष 2023-24 से आगे** की वार्षिक जी.पी.एफ. विवरणी भी डिजीलॉकर के माध्यम से डाउनलोड करने हेतु उपलब्ध है।

यदि किसी अभिदाता को कोई कठिनाई होती है, तो वह कार्यालय समय के दौरान **जी.पी.एफ. हेल्पलाइन संख्या 0172-3503960** पर संपर्क कर सकता है अथवा agaeharyana@cag.gov.in पर ई-मेल के माध्यम से अपनी समस्या भेज सकता है।

(वीनस चौधरी)
**वरिष्ठ उप महालेखाकार (निधि)**
**कार्यालय प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी),**
**हरियाणा, चण्डीगढ़**